जन्म उत्सव | By Priyanka Chandak

जन्म उत्सव आपका हम आज मनाएंगे
झूमेंगे नाचेंगे और खुशियां मनाएंगे
के Many Happy Returns of the day
बाबा हैप्पी बर्थडे

चन्दन की चौकी पे हम बाबा तुम्हे बिठाएंगे
गंगा के पावन जल से बाबा को नहलाएंगे
भावों के पुष्पों से हम बाबा तुम्हे सजायेंगे
नज़र कहीं ना लग जाए काला टीका लगाएंगे
सिंगार बड़ा ही पावन है लगता बड़ा मन भावन है
लाल लंगोटा बाबा तुमको हम पहनाएंगे
झूमेंगे नाचेंगे और खुशियां मनाएंगे
के Many Happy Returns of the day
बाबा हैप्पी बर्थडे

रंगो और गुब्बारों से हम दरबार सजायेंगे
मेवे और मलाई का प्यारा केक बनाएंगे
चॉकलेट टॉफियां लाएंगे खुशियों के दीप जलाएंगे
छोटे छोटे हाथों से तुम्हे केक खिलाएंगे
झूमेंगे नाचेंगे और खुशियां मनाएंगे
के Many Happy Returns of the day
बाबा हैप्पी बर्थडे

स्वर्ग से देवी देव भी सेलिब्रेशन में आये हैं
अपने संग में बालाजी गिफ्ट पैक भी लाये हैं
उपहार प्रेम का जो लाये बाबा के मन को वो भाये
भजनो का एक पुष्प प्रभु चरणों में चढ़ाएंगे
झूमेंगे नाचेंगे और खुशियां मनाएंगे
के Many Happy Returns of the day
बाबा हैप्पी बर्थडे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae-%e0%a4%89%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b8%e0%a4%b5-by-priyanka-chandak/